(सचित्र) ज्योतिष-शिक्षा

द्वितीय (गणित) खण्ड

(द्वितीय भाग)

लेखक

बी. एल. ठाकुर ज्योतिषाचार्य

सिंहसदन

नरसिंहपुर (मध्य प्रदेश)

मोतीलाल बनारसीदास

दिल्ली : पटना : वाराणसी : मद्रास : बंगलोर

© मो ती ला ल ब ना र सी दा स

मुख्य कार्यालय : बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली ११० ००७

शाखाएँ : चौक, वाराणसी २२१ ००१

अशोक राजपथ, पटना ८०० ००४

१२०, रॉयपेट्टा हाईरोड, मैलापुर, मद्रास ६०० ००४

२४, रेस कोर्स रोड, माधव नगर, बंगलौर ५६० ००१

प्रथम संस्करण : १९७१

द्वितीय संशोधित संस्करण: १९८७

मूल्य : रु० ४०

नरेन्द्रप्रकाश जैन, मोतीलाल बनारसीदास, चौक, वाराणसी

द्वारा प्रकाशित तथा श्यामिका प्रिंटिंग प्रेस,

नई बस्ती, वाराणसी द्वारा मुद्रित ।

विषय सूची

द्वितीय (गणित) खण्ड–द्वितीय भाग

अध्याय	विषय	पृष्ठ
१.	वर्ग निकालना	१
२.	दशमलव	१२
३.	त्रिकोणमिति का संक्षिप्त ज्ञान	३०
४.	बिना पंचांग के ग्रह स्पष्ट करना	४७
५.	ग्रह लाघव को रीति से गणित द्वारा मध्यम ग्रह बनाना	५५
६.	मध्यम-ग्रह साधन की सारणियाँ	७४
७.	मध्यम-ग्रह से गणित द्वारा ग्रह स्पष्ट करना	१०७
८.	सारिणी द्वारा सूर्य चन्द्र को मध्यम से स्पष्ट करना	१४०
९.	सारिणी द्वारा मध्यम ग्रह लाकर ग्रह स्पष्ट करने का अन्य उदाहरण	१८४
१०.	भौम आदि ग्रहों का वक्री-मार्गी जानना	२०८
११.	भिन्न स्थानों के अक्षांश और देशान्तर	२२०

ज्योतिष-शिक्षा

[द्वितीय (गणित) खण्ड-द्वितीय भाग]

अध्याय 1

वर्ग निकालना Square

किसी संख्या का वर्ग निकालने के लिये उसी संख्या में उसी संख्या का गुणा करना तो वर्ग निकल आयगा। जिस संख्या का वर्ग निकालना होता है उस के ऊपर दाहिने कोने में छोटे रूप से २ लिख देते हैं।

जैसे $२^२=२\times२=४$ यहाँ २ का वर्ग निकालने को २ का २ से गुणा किया।

$३^२=३\times३=९$ ४ वर्ग निकालने को ४ का ४ से गुणा किया इत्यादि।

$४^२=४\times४=१६$

$२०^२=२०\times२०=४००$

कोई संख्या जिसका वर्ग निकालना है यदि वह बड़ी संख्या है तो वर्ग निकालने को दूसरी रीति भी है।

उस संख्या के दाहिनी ओर के कुछ अंक लेकर एक स्थान में उसे पूरी संख्या में जोड़ना दूसरे स्थान में घटाना। इस प्रकार जोड़ने घटाने से जो संख्या आवे उसका आपस में गुणा करना और जो संख्या जोड़ी या घटाई थी उसका वर्ग निकाल कर गुणनफल में जोड़ देना तो पूरी संख्या का वर्ग निकल आयेगा।

(१) उदाहरण— ९५ का वर्ग निकालना है

$$\left.\begin{array}{l}९५+५=१००\\ ९५-५=९०\end{array}\right\}\begin{array}{l}१००\times९०=९०००\\ +\quad २५=५ \text{ का वर्ग}\\ \hline =१०२५ \text{ यह ९५ का वर्ग हुआ।}\end{array}$$

=वर्ग १०२५ हुआ।

यहाँ ९५ के इकाई की संख्या ५ लिया। ५ को ९५ में एक स्थान में जोड़ दूसरे स्थान में ९५ से ५ घटाया और दोनों का गुणा कर इस गुणनफल में ५ का वर्ग २५ जोड़ा तो ९५ का वर्ग निकल आया।

(२) यदि किसी संख्या में ३ अंक हो जिनका वर्ग निकालना है तो अन्त के इकाई दहाई के २ अंकों को लेकर पूरी संख्या में जोड़ना घटाना उपरान्त इनके गुणनफल में इकाई दहाई की संख्या का वर्ग निकाल कर जोड़ देना तो पूरी संख्या का वर्ग निकल आयगा।

उदाहरण—५१३ का वर्ग निकालना है। अन्तिम २ अंक १३ है इसे जोड़ना घटाना और उनके गुणन फल में १३ का वर्ग निकाल कर जोड़ना।

५१३ + १३ = ५२६ } ५२६ × ५०० = २६३०००
५१३ − १३ = ५०० } = २६३००० + १६९ (१३ का वर्ग)
= २६३१६९

१३ × १३ = १६९ = १३ का वर्ग हुआ

(३) यदि किसी संख्या में ३ से अधिक अंक हो तो जितनी संख्या हो उसका बायां १ अंक छोड़ कर शेष अंकों को पूरी संख्या में जोड़ और घटाकर गुणनफल में उस शेष संख्या का वर्ग निकाल कर जोड़ना तो पूरी संख्या का वर्ग निकल आयगा।

उदाहरण—१०१५० का वर्ग निकालना है तो बायां अंक १ छोड़ कर शेष ० १५० लिया। इसे ही जोड़ना घटाना और इसका ही वर्ग जोड़ना!

१०१५० + १५० = १०३०० } १०३०० × १०००० = १०३००००००
१०१५० − १५० = १०००० } = १०३०००००० + २२५०० (वर्ग १५० का)
= १०३०२२५००

१५० का वर्ग निकालना

१५० + ५० = २०० } २०० × १०० = २००००
१५० − ५० = १०० } = २०००० + २५०० (५० का वर्ग)
= २२५०० = १५० का वर्ग

वर्ग निकालने की अन्य रीति

जिस संख्या का वर्ग निकालना हो उसके टुकड़े २ करना फिर उन टुकड़ों का आपस में गुणाकर दुगना करना और उसमें उन टुकड़ों का पृथक २ वर्गमूल निकाल कर जोड़ देना तो पूरी संख्या का वर्ग निकल आयेगा।

उदाहरण = १० का वर्ग निकालना है उसके २ टुकड़े ६ + ४ किये।

टुकड़े ६ × ४ = २४ × २ = ४८
+ ६ का वर्ग = ३६
+ ४ का वर्ग = १६
योग = १०० = यह १० का वर्ग हुआ।

दूसरा उदाहरण = ९५ = ५ + ९०
५ × ९० = ४५० × २ = ९००
+ ५ का वर्ग = २५
+ ९० का वर्ग = ८१००
योग = ९०२५ = ९५ का वर्ग आया।

शून्य का वर्ग ० ही होता है।

वर्ग मूल निकालना Square root

जिस संख्या का वर्गमूल निकालना होता है उसके पहिले √ चिह्न बना देते हैं और जिन २ संख्याओं का वर्गमूल निकालना है उन २ तक ऊपर एक लकीर बना दी जाती है। जैसे $\sqrt{\text{३०} + \text{६}}$ यहाँ ३० और ६ तक ऊपर लकीर गई है जिससे प्रगट होता है कि ३० में ६ जोड़ने पर जो संख्या प्राप्त हो उसका वर्गमूल निकालना है।

वर्गमूल निकालने के लिए दाहिनी ओर का अन्त का अंक (इकाई) के ऊपर १ बिन्दु चिह्न स्वरूप बना दो। उस स्थान को विषम स्थान मान कर आगे का दूसरा सम तीसरा विषम इस प्रकार दाहिनी ओर से बाईं ओर को स्थान गिन कर सम्पूर्ण विषम स्थान की संख्याओं पर बिन्दु का चिह्न बना दो। इस प्रकार २–२ अंकों की जोड़ी हो जायगी। बाईं ओर का अंक चाहे अकेला ही रह जाय। अब संख्या के ऊपर रखे बिन्दुओं को गिनो, जितने बिन्दु होंगे उतनी संख्या का उत्तर वर्गमूल निकालने से प्राप्त होगा। जिस संख्या के ऊपर बिन्दु का चिह्न रहता है। उसे वर्ग स्थान कहते हैं।

पहिले बता चुके हैं कि किसी संख्या को उसी में गुणा करने से उसका वर्ग होता है। जैसे $\text{६}^{\text{२}} = \text{६} \times \text{६} = \text{३६}$। अब ३६ का वर्गमूल निकालना है $\sqrt{\text{३६}} = \text{६}$। अर्थात् ३६ का वर्गमूल वही ६ आता है। इसी वर्गमूल को गणित से निकालने की रीति आगे बताई है।

वर्गमूल निकालने के लिए पहिले ऊपर बताई रीति के अनुसार प्रत्येक विषम स्थानों के ऊपर बिन्दु रख लो। अब देखो बाईं ओर के अंक पर विन्दु है या नहीं। यदि छोर वाले इस अंक पर विन्दु है तो उसे अकेला ही लेकर किसी भी संख्या का वर्ग उसमें से घटाना होगा। यदि उसके ऊपर विन्दु नहीं है तो उसके आगे के दाहिने ओर के अंक पर विन्दु होगा। ऐसी परिस्थिति में पहिला और दूसरा दोनों अंक साथ लेकर दोनों संख्या में से किसी का वर्ग घटाना पड़ेगा।

इस प्रकार खोजने से एक या दो जो संख्या मिले जिसमें जिस बड़ी संख्या का वर्ग घट सके उसका वर्ग घटा देना। जिसका वर्ग घटाया था वह संख्या एक खड़ी लकीर के बाहर बाईं ओर लिख देना। जिस संख्या का वर्ग घटाया था वह संख्या लब्धि स्थानमें लिख देना। फिर उसके वर्ग की संख्या को ऊपर की एक या दो प्राप्त संख्या से (जो ऊपर बता चुके हैं) घटाने से जो शेष रहे उसके आगे वर्गमूल निकाले जाने वाली संख्या की जोड़ी के २ अंक (सम विषम) उतार कर रखना। और जिस संख्या का वर्ग घटाना था उसमें वही संख्या और जोड़ देना या उसकी लब्धि को दूना करके भाजक स्थान में रखना। अब उतारी हुई संख्या मिला कर जो संख्या हुई है उसका १ दाहिना अंक इकाई का छोड़ कर शेष अंकों में दूनी की हुई संख्या का भाग देकर देखना कितनी बार भाग

जाता है। जब अनुमान हो जाय कि इतनी बार भाग चला जायगा तो उस अनुमान की हुई संख्या को दूनी की हुई संख्या के आगे रखना। और उससे जो संख्या बने उस पूरी संख्या का भाग देना। यदि भाग न जाय तो अनुमान की हुई संख्या को १ कम करके लिखना और उसका भाग देना। जितनी बार भाग जाय उसे लब्धि में लिख देना। भाजक और लब्धि के गुणनफल को घटाने पर जो संख्या प्राप्त हो उसके आगे की और संख्या हो तो २ संख्या और उतार कर ऊपर बताये अनुसार आगे की क्रिया करना जब तक कि उतारने को कोई अंक न बचे। इस प्रकार लब्धि स्थान में जो संख्या प्राप्त हो वही वर्गमूल की संख्या होगी।

(१) उदाहरण—$\sqrt{१२१}$ का वर्गमूल निकालना है।

```
 १    १˙२१˙( ११ लब्धि
+१    १
──   ───
२१    ०२१
       २१
      ───
       ०
```

यहाँ दाहिनी छोर पर १ है उसके उपर बिन्दु रखा यह विषम स्थान है। आगे सम स्थान २ छोड़ कर उसके आगे का विषम स्थान १ पर बिन्दु रखा। इस प्रकार ऊपर २ बिन्दु आये तो वर्गमूल का उत्तर २ अंकों में आयगा।

=वर्गमूल ११

बाईं छोर पर पहिले अंक पर ही बिन्दु है इस कारण केवल उसी में से किसी संख्या का वर्ग घटाना पड़ेगा। विचारा १ में किसका वर्ग घट सकता है। १ × १ = १ तो प्रगट हुआ कि १ में से केवल १ का ही वर्ग घट सकता है। १ का वर्ग १ हुआ वह घटाया शेष ० रहा। १ का वर्ग घटाया था इस कारण एक खड़ी लकीर के बाहर बाईं ओर भाजक स्थान में १ रखा। १ का १ बार भाग गया इस कारण लब्धि में भी १ रखा। अब आगे १ सम दूसरा विषम दो अंक (जोड़ी के) २१ उतार कर रखा। अभी १ का भाग दिया था इस कारण १ लब्धि का इसमें (भाजक स्थान में) जोड़ा। १ + १ = २ या लब्धि १ × २ = २ हुआ। अब इस २ का भाग २१ में देना था। पूरी संख्या में भाग न देकर १ संख्या इकाई को छोड़ कर बचे २ में भाग देकर देखा। क्योंकि अभी भाजक २ के आगे वह संख्या भी लिखनी है कि जितनी बार भाग जायगा। यहाँ २ का भाग २ में (२ × १ का) देकर देखा तो १ बार भाग जाता है इस कारण भाजक २ के आगे १ लिखा तो २१ हो गया। अब भाजक २१ का भाग २१ में दिया तो १ बार भाग गया इससे लब्धि में १ लिख कर २१ घटा दिया शेष कुछ नहीं बचा। लब्धि की प्राप्त संख्या ११ यही वर्गमूल की संख्या हुई।

(२) दूसरा उदाहरण

भाजक	
५	३१˙३६ (५६ लब्धि
+५	२५
१०६	६३६=वर्गमूल ५६
	६३६
	०

५६ × ५६ = ३१३६

यहाँ सब विषम अंकों पर विन्दु रखने पर २ विन्दु आये तो वर्गमूल संख्या २ अंकों में होगी। बाईं छोर पर जोड़ी के २ अंक हैं क्योंकि जिस संख्या पर ऊपर विन्दु हो उस संख्या तक अंकों की जोड़ी रहतीहै। यदि अन्त में बाईं ओर अकेली विन्दु वाली संख्या होती तो अकेली वही ली जाती। यहाँ जोड़ी १ के २ अंक ३१ प्राप्त हुए हैं। देखा इसमें से कौन बड़ी संख्या का वर्ग घट सकता है। इसमें से ४ का १६ घटाते हैं तो छोटा पड़ता है। ६ का वर्ग ३६ बड़ा होता है। इस कारण ५ का वर्ग ५ × ५ = २५ इसे ३१ में से घटाया शेष ६ रहे। आगे की जोड़ी के अंक ३६ उतारे। पहिले ५ का ५ बार भाग दिया था तो भाजक ५ और लब्धि ५ हुई। भाजक ५ में लब्धि का ५ जोड़ा तो १० हुए या लब्धि ५ का दुगुना किया ५ × २ = १० दोनों एक ही बात है। इस १० को भाजक स्थान में रखा। ६३६ में भाग देना है। इनका अन्त का ६ इकाई का छोड़कर ६३ में १० का भाग देकर देखा ६ बार भाग जाता है तो १० के आगे ६ लिख दिया १०६ हो गया। अब इस पूरी संख्या १०६ का ६३६ में भाग दिया तो ६ बार भाग गया ६ लब्धि में रखा। १०६ × ६ = ६३६ घटाया तो ० शेष रहा। इस प्रकार लब्धि में ५६ होने से वर्गमूल ५६ हुआ।

(३) तीसरा उदाहरण

१	१˙५६˙२५˙ (१२५
+१	१
२२	०५६
+२	४४
२४५	१२२५
	१२२५
	०

१२५ वर्गमूल

इसमें विषम संख्याओं पर विन्दु रखा तो दाहिनी ओर से विन्दु रखने पर बाईं ओर के अन्तिम अंक १ पर विन्दु पड़ा। इस १ में से १ का वर्गमूल घटाया ० बचा १ भाजक और १ लब्धि में रखा। भाजक १ में लब्धि १ जोड़ा १ + १ = २ या लब्धि १ × १ = २ हुआ। शेष ० के आगे ५६ अंक जोड़ी का उतार कर रखा। भाजक २ का भाग ५ × ६ के केवल ५ में देकर देखा २ बार भाग जाता है। इससे २ भाजक के आगे २ बार भाग जाने के कारण २ रखा तो २२ हुए। अब इस २२ का भाग ५६ में दिया तो २ बार भाग गया। २२ × २ = ४४ घटाया तो शेष १२ रहे। आगे की जोड़ी २५ उतार कर इसके आगे

रखा तो १२२५ हुए। भाजक २२ था लब्धि २ थी इस कारण २२ + २ लब्धि २४ भाजक हुआ या पूरी लब्धि १२ × २ = २४ हुई। इस २४ का भाग १२२५ संख्या के १२२ में देकर देखा तो ५ बार भाग जा सकता है ऐसा अनुमान हुआ इससे भाजक २४ के आगे ५ रखा तो २४५ हुए। अब २४५ का भाग १२२५ में दिया। ५ बार भाग गया। २४५ × ५ = १२२५ घटाया तो शेष ० रहा। इस प्रकार लब्धि में आया अंक १२५ यही वर्गमूल हुआ। १२५^2 = १२५ × १२५ = १५६२५

(४) चौथा उदाहरण

```
 १  | ३ ६१ (१९ लब्धि
+१  | १
----|-----
२९  | २६१=वर्गमूल१९
      २६१
      ----
       ०
```

यहाँ बांये अन्तिम अंक ३ पर बिन्दु आया इसमें से १ का वर्ग घटा। भाजक १ है। लब्धि में १ रखा क्योंकि १ बार भाग गया। शेष २ बचे। आगे की जोड़ी ६१ उतारा तो भाज्य २६१ हो गया भाजक १ + लब्धि १ = २ का भाग २६१ संख्या के २६ में भाग देकर देखा तो ऐसा प्रगट हुआ कि १३ बार भाग जायगा। परंतु आगे संख्या १३ रखने से भाग नहीं जाता। यहाँ लब्धि कोई एक ही संख्या आना चाहिए इस कारण ९ का भाग देकर देखा। भाजक २ के आगे ९ रखा तो २९ हो गया। २९ का भाग दिया। २९ × ९ = २६१ गुणनफल, २६१ में से घटाया शेष ० रहा। ९ बार भाग गया था इससे लब्धि में आया अङ्क १९ यह वर्गमूल हुआ।

(५) पांचवां उाहरण

```
  २)४·१२·०९(२०३
    ४
  -----
४०३)०१२०९
     १२०९
     -----
       ०
   = वर्गमूल २०३
```

बाईं छोर पर ४ पर विन्दु है इस कारण विचार किया ४ में से कौन संख्या का वर्ग घटता है। २ का वर्ग ४ घट गया। भाजक में २ और लब्धि में २ रखा। शेष ० के आगे एक जोड़ी १२ उतारा। भाजक ४ है उसके आगे कौन संख्या रखें जिसका भाग १२ में चला जायगा। यदि १ बार ही भाग देते हैं तो ४ के आगे १ रखने से ४१ हो जाता है। ४१ का भाग १२ में नहीं जाता। भाजक की संख्या बढ़ जाती है भाज्य छोटा पड़ जाता है। इस कारण ० बार भाग दिया। अर्थात् किसी संख्या का भाग नहीं जाता। इससे लब्धि में ० रखा और ४ के आगे भी ० रखा तो भाजक ४० हो गया। अब आगे की जोड़ी ०९ उतारा तो भाज्य १२०९ हो गया। १२०९ के १२० में ४० का भाग ३ बार जा सकेगा इससे ४० के आगे ३ बढ़ाया तो ४०३ हो गया। ४०३ × ३ = १२०९ गुणन फल को भाज्य से घटाया तो ० बचा। लब्धि में ३ रखा। इस प्रकार २०३ लब्धि की संख्या ही वर्गमूल है।

(६) छठवां उदाहरण

२	४'४०'१६'०४'(२०९८
+२	४
४०९	०४०१६
+९	३६८१
४१८८	३३५०४
	३३५०४
= वर्गमूल २०९८	०

अंतिम बायाँ अंक ४ में २ का वर्ग घटाया शेष ० बचा। भाजक २ + २ लब्धि ४ भाजक हुआ। ० के आगे ४० उतारा तो ४० हुए। भाजक ४ का भाग १ बार देने से भाजक ४१ हो जाता है। ४१ का भाग ४० में नहीं जाता। इससे ० बार भाग दिया। ४० भाजक हो गया। लब्धि में ० रखा आगे की जोड़ी १६ उतारा भाज्य ४०१६ हो गया। ४० का भाग ९ बार जा सकता है इससे भाजक ४० के आगे ९ रखा तो ४०९ हो गया। ४०९ × ९=३६८१ गुणन फल घटाया तो ३३५ बचे। लब्धि में ९ रखा। आगे ०४ उतारा तो भाज्य ३३५०४ हो गया। भाजक ४०९ में लब्धि ९ जोड़ा तो ४१८ भाजक हो गया या पूरी लब्धि २०९ × २=४१८ भाजक आया। इसका भाग देकर देखा ८ बार भाग जा सकता है इससे ४१८ के आगे ८ रखा तो ४१८८ भाजक हो गया। इसका भाग ८ बार गया ४१८८ × ८ = ३३५०४ गुणन फल घटाया शेष ० बचा। लब्धि में ८ रखा। इस प्रकार वर्गमूल २०९८ हो गया जो लब्धि में आया है।

दो जाति की संख्याओं का वर्गमूल निकालना

केवल एक ही जाति की संख्या हो तो उसका वर्गमूल ऊपर बताई रीति से निकाल लेना। यदि २ या अधिक जाति की संख्या हो तो उसका वर्गमूल नीचे बताई रीति से निकाल लेना।

पहिले साधारण प्रकार से १ जाति का वर्गमूल निकालना। जो शेष अंत में बचे उसमें १ जोड़ना फिर उसको हीन जाति बनाने के लिये उस हीन जाति की परम संख्या से गुणा करना और उसकी उपजाति (उससे हीन जाति में) जो अंक हो उसे जोड़ देना। उपरांत लब्धि में जो वर्ग मूल प्राप्त हुआ था उसमें एक जोड़कर उसे दूना करना। इस प्रकार जो संख्या प्राप्त हो उस का भाग देना तो लब्धि में जो अंक आवे वह उपजाति का वर्गमूल होगा।

उदाहरण—१ रा० १० अं० २ क० ४२ वि० का वर्गमूल निकालना है। सबकी कला बना लिया तो २४०२'-४२" हो गये। इसका वर्गमूल निकालेंगे।

```
४   | २४'०२''–४२"(४९'
+४  | १६
८९  | ८०२     लब्धि ४९' + १
      ८०१    =५० × २=१००
        १
      +१     = भाजक १००
       २ × ६०
        १२०"
        +४२
   १००)१६२(१"
        १००
         ६२"

वर्गमूल ४९' – १"
```

यहां राशि के आदि में जो संख्याएँ थी उनकी कला बनाकर २ ही जाति, कला और विकला रहने दिया है जिससे वर्गमूल निकालने में सुविधा हो।

पहिले २४०२'का साधारण प्रकार से वर्गमूल निकाला तो ४९' वर्गमूल निकला। शेष १ बचा इसमें १ और जोड़ा २" हुआ। कला की विकला बनाने को २ में ६० का गुणा किया क्योंकि ६० विकला की १ कला होती है। २ × ६० १२०" हुए। ऊपर ४२" भी है इससे ४२" और जोड़ा तो १२० + ४२ – १६२" हुए यह भाज्य हुआ। भाजक निकालने को लब्धि ४९' में १ जोड़ा, ५० हुए। इसे दूना किया १०० हुए यह भाजक हुआ। इससे १०० का भाग १६२ में दिया १ बार भाग गया, १ लब्धि में आया यह १ विकला हुई। भाजक १०० × १ = १०० भाज्य से घटाया तो शेष ६२ रहा। इस प्रकार वर्गमूल ४९'–१" निकला।

दूसरा उदाहरण—$\sqrt{\text{१२०°–४०'–३४"}}$ का वर्गमूल निकालना है।

```
१२०°–४०'–३४"      २          ४५६३४(२१३"
+६०               +२          ४          लब्धि २१३" + १
७२० + ४०°         ४२          ०५६          = २१४ × २
= ७६०' × ६०       +१           ४१          = ४२८
= ४५६००" + ३४"    ४२३         १५३४        = भाजक ४२८
= ४५६३४"                      १२६९
                               २६५
= वर्गमूल                      +१
  २१३"–३७'''                   २६६ × ६०
= ३'–३३"–३७'''           ४२८)१५९६०(३७'''
                               १२८४
                                ३१२०
                                ३००४
                                 ११६
```

यहाँ सुविधा के लिये सबके विकला बना डाले तो ४५६३४" हुए। इसका वर्गमूल साधारण प्रकार से निकाला तो वर्गमूल २१३" आया। शेष में १ जोड़ा और ६० का गुणा किया क्योंकि ६० प्रति विकला की १ विकला होती है। गुणन फल १५९६० में, (लब्धि + १) X २८=४२८ को भाजक मान कर भाग दिया तो ३७‴ आये। इस प्रकार वर्गमूल २१३"– ३७‴

घन निकालना Cube

जिसका घन निकालना है उस संख्या के ऊपर³ ऐसा ३ का चिह्न बना देते हैं।

जैसे २³=२ X २ × २ = ८	६³=६ × ६ X ६ = २१६	इनको कंठस्थ
३³ = ३ X ३ X ३=२७	७³=७ × ७ X ७=३४३	कर लेना
४³=४ X ४ X ४ = ६४	८³ = ८ × ८ × ८=५१२	चाहिए।
५³ = ५ X ५ X ५=१२५	९³ = ९ X ९ × ९=७२९	

उसी संख्या को ३ बार रखकर गुणनफल निकालने से उस संख्या का घन निकलता है। जैसे २५³=२५ का घन निकालना है तो २५ × २५ X २५=६२५ X २५ = १५६२५।

घनमूल निकालना Cuba root

किसी संख्या का घन मूल निकालना हो तो उस संख्या के पहिले घन मूल का चिह्न ³√ इस प्रकार बना देना चाहिए।

जिस प्रकार वर्गमूल निकालने को इकाई के स्थान के अंक के ऊपर बिन्दु का चिह्न बना कर आगे १ – १ अंक छोड़ कर बिन्दु का चिह्न बनाते हैं। यहाँ घन मूल निकालने के लिये इकाई के एक अंक पर बिन्दु का चिह्न बनाने के उपरांत २ अंक छोड़ कर तीसरे अंक पर चिह्न लगाया जाता है। जिस संख्या पर चिह्न रहता है वह घन संख्या कहलाती है। जिन पर कोई चिह्न नहीं रहता उसे अघन संख्या कहते हैं।

बाईं ओर जो कुछ संख्या अंत में प्राप्त हो वह या तो १, २ या ३ अंकों की होगी। इसमें किसी भी बड़ी से बड़ो ९ के अंक तक का घन घटा कर देखना जो घट सके घटा देना और वह अंक भाजक स्थान में और लब्धि स्थान में भी लिख देना। घन संख्या घटाने से जो शेष रहे उसके आगे, घन चिह्न के अंक तक ३ अंकों की जोड़ो और उतार कर रखना। फिर जिस संख्या का घन घटाया था उसके वर्गमूल में X ३०० का गुणा करने से जो गुणन फल आवे उसे अनुमानिक भाजक समझना और उस संख्या का भाग भाज्य में देकर देखना कि कितनी बार जा सकता है। उसे अनुमानिक लब्धि कहेंगे। जितनी बार भाग जा सके उस संख्या का गुणा लब्धि में जो पूरी संख्या प्राप्त हो चुकी है उसमें कर और ३० का गुणा कर गुणनफल निकालना जो गुणनफल आवे उसे पूर्व के अनुमानिक भाजक में जोड़ देना और इसमें अनुमानिक लब्धि का वर्ग भी निकाल कर

जोड़ देना। उपरांत सबका योग करने से जो संख्या प्राप्त हो उसमें अनुमानिक लब्धि का गुणा कर भाज्य से घटा देना, न घटे तो अनुमानिक लब्धि को कम करके गणित कर देखना और घटाना। भाजक में जो अनुमानिक लब्धि का गुणा कर घटाया था वह अनुमानिक अंक लब्धि स्थान में रखना। शेष के आगे ३ और अंकों की जोड़ी उतार कर रखना। इसी प्रकार गणित जहाँ तक आवश्यक हो करते जाना। अंत में जो संख्या लब्धि स्थान में प्राप्त हो वही घनमूल की संख्या होगी।

(१) उदाहरण $\sqrt[3]{९२६१}$ का घन मूल निकालना है।

२ ९·२६१·(२१ लब्धि
८
१२६१
−१२६१
०

$२^२ \times ३००$
$= ४ \times ३०० = १२००$
$+ २ \times ३० \times १ = ६०$
$+ \quad १^२ = १$
भाजक = १२६१
× लब्धि १
= १२६१
= घनमूल २१

यहाँ इकाई की संख्या १ पर चिह्न किया फिर बाईं ओर के दो अंक २६ छोड़ कर ९ पर चिह्न किया। यहाँ दो अंकों पर चिह्न है इस कारण २ अंकों का घनमूल निकलेगा

बाईं ओर अंत में घन संख्या ९ अकेली है। इसमें से सबसे बड़े अंक का घन घटाया। २ का घन ८ होता है वह ८ घटाने पर शेष १ बचा। आगे के ३ घन अंक २६१ उतारे तो १२६१ भाज्य हो गया। २के घन का भाग दिया था इस कारण २ संख्या लब्धि स्थान में रखा। फिर इस २ का वर्ग निकाल कर ३०० का गुणा किया तो १२०० हुआ। यह अनुमानिक भाजक हुआ। इससे भाग देकर देखा कि १२६१ में कितने बार भाग जा सकता है। तो प्रगट हुआ कि १ बार भाग जा सकेगा। इस कारण १ यह अनुमानिक लब्धि हुई। अब भाजक की वास्तविक संख्या निकालनी है तो पहिले की लब्धि २ में ३० का गुणा किया और उसमें अनुमानिक लब्धि १ का भी गुणा किया तो ६० हुए। इसमें अनुमानिक लब्धि १ का वर्ग जोड़ा तो १२६१ हुए। यही वास्तविक भाजक हुआ। इसमे अनुमानिक लब्धि १ का गुणा किया तो १२६१ रहे। इस गुणक को पूर्व के भाज्य १२६१ में घटाया तो शेष ० रहा। इसमें लब्धि २१ आई है यही घनमूल की संख्या हुई।

(२) दूसरा उदाहरण $\sqrt[3]{१३२६५१०००}$ का घन निकालना

$५^२ \times ३००$
$= २५ \times ३०० = ७५००$
$+ ५ \times ३० \times १ = १५०$
$+ \quad १^२ = १$
= ७६५१

५ १३२·६५१·०००·(५१०
१२५
७६५१
७६५१

घनमूल ५१० आया

यहाँ इकाई से चिह्न देना आरम्भ किया तो ३ अंकों पर चिह्न आया। ३ अंकों का घनमूल निकलना चाहिए। बाईं ओर के अंतिम घन अंक तक १३२ संख्या है। इसमें से ५ का घन १२५ घट सकता है इसे घटाने पर शेष ७ बचा आगे के घन अंक तक के ३ अंक ६५१ उतारा तो ७६५१ हो गया। ५ का घन घटाया था तो लब्धि में ५ रखा। इस ५ लब्धि का वर्ग २५ में ३०० का गुणा किया तो ७५०० हुआ। यह अनुमानिक भाजक हुआ। इसका भाग भाज्य ७६५१ में देकर देखा तो ऐसा प्रगट हुआ कि एक बार भाग चला जायगा। यह १ अनुमानिक लब्धि हुई। पूर्व लब्धि ५ × ३० × १ अनुमानिक लब्धि=१५० हुए। इसमें अनुमानिक लब्धि १ का वर्ग १ और जोड़ा तो १५१ हो गये। इसे अनुमानिक भाजक ७५०० में जोड़ा तो ७६५१ हो गये। यह वास्तविक भाजक हुआ। इसका गुणा अनुमानिक लब्धि १ से कर गुणनफल ७६५१ को पूर्व भाज्य ७६५१ से घटाया तो ० बचा। लब्धि स्थान में १ रखा क्योंकि ७६५१ का १ बार भाग गया है। अब आगे से घन अंक तक की ३ संख्याएँ ००० है इनको उतारा तो ० बार भाग गया इससे लब्धि में ० बढ़ा दिया। इस प्रकार ५१० लब्धि में जो संख्या है वही घनमूल की संख्या हुई।

(३) तीसरा उदाहरण

$\sqrt[3]{६६४७९३४४६५१}$

४^{२} × ३००	४	६६·४७९·३४४·६५१·(४०५१
= १६ × ३०० = ४८००		६४
४०^{२} × ३००		२४७९,३४४ = घनमूल संख्या ४०५१
= १६०० × ३०० = ४८००००		
४० × ३० × ५		
= १२०० × ५ = ६०००		
५^{२} = २५		
४८६०२५		२४७९३४४
(४८६०२५ × ५)	=	२४३०१२५
		४९२१९६५१
४०५^{२} × ३००		
= १६४०२५ × ३००		
= ४९२०७५००		
४०५ × ३० × १ = १२१५०		
१^{२} = १		
= ४९२१९६५१		४९२१९६५१
(४९२१९६५१ × १)		४९२१९६५१
		शेष ०

यहाँ अंकों पर चिह्न लगाने पर बाईं संख्या घन अंक तक ६६ आई। इसमें ४का घन ६४ घट सकता है। इससे लब्धि में ४ रखकर ४ का घन ६४ घटाया तो शेष २ रहा। आगे घन अंक तक की संख्या ४७९ उतारी तो २४७९ हुई। यह भाज्य हुआ। लब्धि ४ थी इसमें ४ के वर्ग १६ में ३०० का गुणा किया ४८०० अनुमानिक भाजक हुआ। इसका भाग भाज्य में देकर देखा तो भाज्य २४७९ में भाग नहीं जाता इससे लब्धि में ० रखा तो लब्धि ४० हो गई। शेष के आगे घन अंक तक के ३ अंक ३४४ और उतार कर रखे तो २४७९३४४ हो गये। यह भाज्य हुआ।

अब लब्धि ४० का वर्ग १६०० में ३०० का गुणा किया तो ४८०००० हो गये। यह अनुमानिक भाजक हुआ। उसका भाग भाज्य में देकर देखा तो ऐसा प्रतीत हुआ कि ५ बार भाग चला जायगा। इससे ५ अनुमानिक लब्धि हुई।

पूर्व लब्धि ४० X ३० X ५ अनुमानिक लब्धि=६००० इसमें ५ का वर्ग २५ भी जोड़ा तो ६०२५ हुए। इसको अनुमानिक भाजक ४८००००में जोड़ा तो=४८६० २५ यह वास्तविक भाजक हो गया। ५ लब्धि अनुमान की थी इससे भाजक में ५ का गुणा किया और गुणन फल २४३०१२५ को भाज्य २४७९३४४ से घटाया तो शेष ४९२१९ रहा। ५ बार भाग गया था इससे ५ लब्धि में रखा तो लब्धि ४०५ हो गई अब गुणन-फल घटाने से जो शेष आया उसके आगे, बचे हुए ३ घन अंक ६५१ उतारा तो भाज्य ४९२१९६५१ हो गया।

लब्धि ४०५ का वर्ग १६४०२५ में ३०० का गुणा किया तो ४९२०७५०० हुआ। यह अनुमानिक भाजक हुआ। इसका भाग भाज्य में १ बार चला जायगा ऐसा समझ पड़ा इस कारण लब्धि ४०५ X ३० X १ अनुमानिक लब्धि=१२१५० इसमें १ का वर्ग १ जोड़ा तो १२१५१ हुआ। इसे अनुमानिक भाजक ४९२०७५०० में जोड़ा तो वास्तविक भाजक ४९२१९६५१ हो गया। इसका भाग १ बार गया तो लब्धि में १ रखा और लब्धि १ का गुणन फल ४१२१९६५१ भाज्य से घटाया तो शेष ० बचा। लब्धि में ४०५१ संख्या आई वही घनमूल संख्या हुई।

अध्याय २

दशमलव Decimals

किसी संख्या को इकाई से (दाहिनी ओर से) गिनते हुए बाईं ओर को जाओ वह दस गुना बढ़ती जाती है। जैसे २४९३ यहां ३ इकाई में है, ९ दहाई की संख्या है, १० गुना बड़ा स्थान है। ४ सैकड़ा का स्थान है। यह पहिले से १०० गुना बड़ा स्थान

है। २ हजार का स्थान है जो पहिले से हजार गुना बड़ा है। इस प्रकार पहिली दाहिनी संख्या से बाईं ओर को बढ़ने पर दस गुनी संख्या बढ़ती जाती है।

इसी को अब उल्टा विचारते हैं। बाईं ओर से दाहिनी ओर जाने में संख्या दसवाँ भाग कमते जाता है। जैसे ऊपर २ हजार ४ सौ है। हजार के स्थान से सौ का स्थान $\frac{1}{10}$ भाग है। इसी प्रकार दाहिनी ओर आगे ९ है वह दहाई का स्थान है। सैकड़ा के स्थान का दसवाँ भाग है। इकाई का ३ जहाँ है वह दहाई के स्थान का दसवाँ भाग है।

इस प्रकार बाईं ओर से दाहिनी ओर जाने में संख्या $\frac{1}{10}$ भाग कमते जाता है। यदि इकाई की संख्या के आगे दाहिनी ओर और भी संख्याएँ रखी जाँय तो उनका स्थान $\frac{1}{10}$ भाग आगे कमते जायगा। परन्तु इकाई के आगे दाहिनो ओर कोई चिह्न बना देना आवश्यक है जिससे प्रगट हो कि इकाई कहाँ है और उसके आगे की कौन-कौन संख्याएँ हैं। इस चिह्न को दशमलव कहते हैं। यह चिह्न पंक्ति से सूक्ष्म बिन्दु के रूप में रहता है।

जैसे २५८˙३९७१ यहाँ साधारण संख्या २५८ है। इसके आगे उसी पंक्ति में कुछ ऊपर की ओर एक सूक्ष्म बिन्दु रखा है वही दशमलव बिन्दु है उसके आगे की संख्या ३९७१ है।

३ यह	इकाई	का	दसवाँ	भाग $=\frac{3}{10}$ है		$=$ ˙३
९ ,,	,,	,,	सौवाँ	,, $=\frac{9}{100}$ है		$=$ ˙०९
७ ,,	,,	,,	हजारवाँ	,, $=\frac{7}{1000}$ है		$=$ ˙००७
१ ,,	,,	,,	दस हजारवाँ	,, $=\frac{1}{10000}$ है		$=$ ˙०००१

दशमलव विन्दु के आगे जो संख्या बताई गई है वह संख्या दशमलव की है। इस प्रकार ज्यों-ज्यों दाहिनो ओर अंक बढ़ता जायगा उस अंक का दसवाँ भाग कम होता जायगा।

इन दशमलव के अंकों को भिन्न के रूप में इस प्रकार लिखेंगे २५८$\frac{3971}{10000}$ अर्थात् दशमलव की संख्या के नीचे १ लिखकर उसके आगे उतने ही शून्य बढ़ा देना जितनी कि दशमलव की संख्या हो। यहाँ दशमलव में ४ संख्या है तो उसके बटे में १ लिखकर ४ शून्य बढ़ा दिया तो हर १० हजार हो गया।

दशमलव की संख्या के अंत में कितने ही शून्य रख दो तो उस संख्या में कोई अन्तर नहीं पड़ता। जैसे—

२˙१=२˙१०००० यहाँ दोनों संख्या एक है। ˙४ =˙४ ०० या ५˙३२=५˙३२०० । इस प्रकार दशमलव की संख्या के अंत में जो शुन्य हों वे निरर्थक हैं।

किसी दशमलव के विन्दु को यदि एक स्थान दाहिनी ओर हटाओ तो उस संख्या का दसवां भाग हो जाता है। २ स्थान हटाने से उसका $\frac{1}{100}$ वां भाग, ३ स्थान हटाने से $\frac{1}{1000}$ वां भाग इत्यादि प्रकार से, ज्यों २ दशमलव का विन्दु दाहिनी ओर बढ़ेगा उसका दसवां भाग होते जायगा।

जैसे–२५८.	३९७१	पूर्व संख्या को लिया और १–१ स्थान दाहिनी
=२५८३.	९७१ ÷ १०	ओर को दशमलव स्थान हटा कर दशमलव कम
=२५८३९.	७१ ÷ १००	करते जाना तो उसका रूप इस प्रकार होते
=२५८३९७.	१ ÷ १०००	जायेगा। अंत में दशमलव विन्दु हटा देने से उस
=२५८३९७१.	÷ १००००	संख्या का अंतिम रूप अंक में बताया है। अर्थात्
		दशमलव के जितने स्थान दाहिनी ओर हटाना हो

उसके हर में १ लिखकर उतने ही शून्य, जितने कि दशमलव के अंक हैं, आगे बढ़ा दो। इस प्रकार ऊपर बताई संख्या के बराबर बताई प्रत्येक संख्या हो जाती है। यहाँ पहिली संख्या का अंतिम रूप बनाने के लिये २५८ के आगे ४ स्थान दशमलव विन्दु दाहिनी ओर हटाया गया है। इस कारण सब संख्या के बटे (हर) में १ लिखकर शून्य और रख दिया तो १० हजार हर हो गया। अर्थात् उस संख्या को १०० से भाग दो तो पहिले दी हुई संख्या २५८.३९७१ आ जायगी। जैसे–$\frac{२५८३९७१.}{१००००}$ = २५८ $\frac{३९७१}{१००००}$ = २५८.३९७१

इसी प्रकार किसी संख्या में दशमलव विन्दु यदि बाईं ओर हटाते जाओ तो उसका गुणक १० गुना बढ़ते जायगा तब कहीं वह पहिली संख्या के बराबर होगी। जैसे—
२५८ ३९७१ यहाँ प्रत्येक संख्या पहिली संख्या के बराबर हो जाती है।

=२५·८३९७१ × १० जैसे :—

=२·५८३९७१ × १०० .२५८३९७१ × १००० = २५८.३९७१

=.२५८३९७१ × १००० दशमलव के दाहिनी ओर में अंत में कितने ही शून्य हों उनका कोई मूल्य नहीं परन्तु विन्दु के भीतर बाईं ओर कहीं भी और कितने ही शून्य हों उन सब का मूल्य रहता है। जैसे :—

.१०००००० = .१ यहाँ दाहिनी ओर के शून्य का कोई मूल्य नहीं है वह .१ ही समझा जायगा। परन्तु .०००००० १ में बाईं छोर के शून्य जो दशमलव के भीतर हैं इस प्रकार उपयोगी हैं।

दशमलव की संख्या इस प्रकार पढ़ी जाती है :—

२१.०५८१ = इक्कीस दशमलव शून्य पांच आठ एक।

४०५०.००५ = चार हजार पचास दशमलव शून्य शून्य शून्य पांच।

दशमलव की संख्या को इस प्रकार भिन्न का रूप दे सकते हैं—

$\cdot १ = \frac{१}{१०}$ $\quad$ $\cdot०००१ = \frac{१}{१००००}$

$.०१ = \frac{१}{१००}$ $\quad$ $\cdot०००१००० = \frac{१}{१००००}$

$\cdot००१ = \frac{१}{१०००}$ $\quad$ $१\cdot०००० = १$

$४.२ = ४ + \frac{२}{१०} = ४\frac{२}{१०} = \frac{४२}{१०} = \frac{२१}{५}$

$३\cdot०२ = ३ + \frac{०२}{१००} = ३\frac{२}{१००} = \frac{३०२}{१००} + \frac{१५१}{५०}$

$१\cdot००२ = १\frac{००२}{१०००} = १\frac{२}{१०००} = \frac{१००२}{१०००}$

$२\cdot०००५ = २\frac{०००५}{१००००} = \frac{२०००५}{१००००}$

यहाँ दशमलव को संख्या को भिन्न का रूप देने के लिए दशमलव के नीचे हर में १ लिखकर उतने बिन्दु आगे बढ़ा दिया जितने अंक दशमलव की संख्या में थे।

दशमलव की संख्या के गिनते समय बाईं ओर जितने शून्य हों उनको भी गिन लेना चाहिए जैसा ऊपर बनाया है परन्तु दशमलव के अन्त के दाहिनी ओर के शून्य नहीं गिनने चाहिए क्योंकि वे शून्य निरर्थक है।

यदि दशमलव में जो अंक दिये हैं वे घड़ी या दिन या अंश आदि किसी वर्ण के हों तो उनको स्पष्ट करने के लिए उसका भिन्न रूप बना अंश में हर का भाग देकर उसको जाति और उपजातियों का स्पष्टीकरण कर लेना चाहिए।

(१) उदाहरण ६ २५ घड़ी के घड़ी पल निकालना—

$६\frac{२५}{१००} = ६\frac{१}{४} = \frac{२५}{४}$ घड़ी

```
४)२५(६ घड़ी        घड़ी-पल
  २४              =६-१५
  ---
  १ X ६०
४)६०(१५ पल
  ४
  ---
  २०
  २०
  ---
   ०
```

यहाँ दशमलव ·२५ है जिसमें २ अंक हैं। इससे हर में १ लिखकर आगे २ शून्य रखे=१०० उस का हर हो गया=$\frac{२५}{१००} = \frac{१}{४}$ हो गया। यह घड़ी हुई। ६ घड़ी पहिले हो दी है। सब मिलाकर $६ + \frac{१}{४} = ६\frac{१}{४} = \frac{२५}{४}$ घड़ी हुई। इसमें ६ घड़ी स्पष्ट ही हैं केवल $\frac{१}{४}$ घड़ी को स्पष्ट करना है। १ में ६० का गुणा कर घड़ी के पल बनाया। १ X ६० = ६० हुए। इसमें ४ का भाग दिया तो १५ पल हुए। ६·२५घड़ी=६घड़ी १५पल।

(२) दूसरा उदाहरण = १५·४६८ घड़ी के घड़ी पल आदि निकालना।

१५·४६८ घड़ी = १५घड़ी + ·४६८ घड़ी। इस कारण ·४६८ घड़ी के पल बनाना है।

$\frac{४६८}{१०००}$ घड़ी

घड़ी पल वि०

·४६८ घड़ी = ०–२८–$४\frac{८}{१०}$

+ १५ घड़ी

घड़ी पल वि०

= १५·४६८घड़ी = १५–२८-$४\frac{२}{५}$

```
१०००)४६८(० घड़ी
     X ६०
     ------
१०००)२८०८०(२८ पल
     २८०००
     ------
       ८० X ६०
     ------
१०००)४८००(४ विपल
      ४०००
      ----
       ८००
```

(३) तीसरा उदाहरण = १०·००१ राशि के अंश कला निकालना।

१० राशि + ·००१ राशि = ·००१ = $\frac{००१}{१०००}$ = $\frac{१}{१०००}$ १०००)१(०राशि

रा॰ अं॰ क॰ वि॰ ×३०

·००१ राशि = ०–०–१–४८ १०००)३०(० अंश

+ १० राशि ×६०

= १०·००१ राशि = १०–०–१–४८ १०००)१८००(१ कला

१०००

८०० × ६०

१०००)४८०००(४८

४८००० वि॰

०

इन तीनों उदाहरणों को अन्य प्रकार से करते हैं।

रीति—दशमलव के अंकों में तीन वर्ण की संख्या का गुणा करना तो गुणनफल से प्राप्त पूर्णाङ्क जो हो वह तीन वर्ण की संख्या होगी।

(१) उदाहरण ·२५ घड़ी

६·२५घड़ी=६घड़ी + ·२५घड़ी × ६० पल = १५ पल

= १५·००

= घड़ी पल (दशमलव का गुणा करने की रीति आगे दी है)

६ – १५

(२) दूसरा उदाहरण

१५·४६८ घड़ी = १५ घड़ी + ·४६८ घड़ी ·४६८ घड़ी

= घड़ी पल विपल × ६० पल

१५ – २८ – ४·८ = २८·०८०

= १५ – २८ – ४$\frac{४}{५}$ = २८ पल + ·०८० पल

४·८ विपल × ६० विपल

= ४$\frac{८}{१०}$ = ४$\frac{४}{५}$ ४·८००

(३) तीसरा उदाहरण = ४·८ विपल

१०·००१ राशि = १० राशि + ·००१ राशि। ·००१ राशि ·०३ अंश

× ३० अंश × ६० कला

०·०३० = ०अंश १·८० कला

= ०·०३ अंश = १·८ कला

·८ कला = १ कला

× ३० विकला राशि—अंश॰ क॰ वि॰

४·८० विकला = १० – ० – १ – ४८

घड़ी पल या राशि अंश आदि को दशमलव के रूप में बदलना

कई जाति की संख्या हो तो उसकी ऊँची जाति की संख्या बना लेनी चाहिए जिससे वह संख्या भिन्न के रूप में आ जावे। उपरांत अंश में हर का भाग देना। जो लब्धि आवे वह पूर्णाङ्क हुआ। जो शेष बचे उसके आगे शून्य उतारते जाना और उसे भाज्य मानकर भाजक का भाग देना जो लब्धि आवे वहाँ दशमलव का चिह्न बनाने के उपरांत लब्धि को लब्धि स्थान में रखते जाना। जितने स्थान तक इच्छा हो दशमलव की लब्धि निकालते जाना। तब लब्धि में आई हुई पूरी संख्या दशमलव का रूप होगा। दशमलव का भाग देने की रीति आगे बताई है।

(१) उदाहरण—१ घ० २० प० २५ वि० को दशमलव के रूप में लाना है।
पहले घड़ी पल विपल की बड़ी जाति घड़ी बना लिया।

घ० प० वि०

$$१ \quad २० \quad \frac{\overset{५}{\cancel{२५}}}{\underset{१२}{\cancel{६०}}} = \frac{\overset{४९}{\cancel{२४५}}}{१२ \times \underset{१२}{\cancel{६०}}} = \frac{४९}{१४४} = १\frac{४९}{१४४} = \frac{१९३}{१४४} \text{ घड़ी}$$

$$= १\cdot३४०२$$

```
१४४)१९३(१·३४०२
    १४४
    ४९·०
    ४३२
     ५८०
     ५७६
       ४००
       २८८
       ११२
```

यहाँ घड़ी पल विपल की घड़ी बनाये तो $\frac{१९३}{१४४}$ हुई। १९३ में १४४ का भाग दिया तो १ पूर्ण लब्धि हुई। शेष ४९ है। अब कोई संख्या उतारने को नहीं है तो आगे लब्धिमें दशमलव का बिन्दु रख दिया और शेष के आगे एक शून्य उतारा जो ४९०हो गया। ३ बार भाग गया। शेष ५८ बचा फिर ० उतारा और भाजकका भाग दिया। इस प्रकार चाहे जितने शून्य आगे उतारते जाओ और भाजक का भाग देते जाओ। जो लब्धि आयेगी वह उत्तर होगा। जितना अधिक शून्य क्रम से उतारते जाओगे उतना सूक्ष्म उत्तर आयेगा।

$१९३ \div १४४$
$= १९३००००० \div १४४$
$= १\cdot३४०२$

किसी दशमलव के बिन्दु के आगे किसी संख्या के अन्त में कितने ही शून्य रख दो तो उस संख्या में कोई अंतर नही पड़ता। इस कारण दशमलव बिन्दु के आगे कोई संख्या न होने से आगे शून्य उतारते गये हैं।

(२) दूसरा उदाहरण—१रा. $२^\circ - १०' - ५''$ का दशमलव बनाना है।
यहाँ राशि सबसे बड़ी है इससे सबके राशि बना लिया।

$$\text{१रा.} - \text{२}^{\circ} - \text{१०}' - \frac{\text{५}''^{\text{१}}}{\text{६०}_{\text{१२}}} = \frac{\text{१२१}'}{\text{१२} \times \text{६०}} = \frac{\text{१२१}^{\circ}}{\text{७२०}} = \text{२} + \frac{\text{१२१}}{\text{७२०}} = \frac{\text{१५६१}}{\text{७२०} \times \text{३०}} \text{ राशि}$$

$$= \frac{\text{१५६१}}{\text{२१६००}} = \text{१} + \frac{\text{१५६१}}{\text{२१६००}} = \frac{\text{२३१६१}}{\text{२१६००}} \text{ राशि}$$

```
२१६००)२३१६१·००००(१·०७२२६    =१·०७२२६ राशि
       २१६००
       ------
        १५६१·००
        १५१२००
        ------
         ४९०००
         ४३२००
         ------
          ५८०००
          ४३२००
          ------
           १४८०००
           १२९६००
           ------
            १८४००
```

कभी-कभी राशि अंश आदि या दिन घड़ी आदि का दशमलव बनाना पड़ता है या दशमलव में दी हुई संख्या हो तो स्पष्ट करना पड़ता है। इसके लिए नीचे चक्र दिये हैं जिनकी सहायता से उत्तर शीघ्र निकल आता है।

राशि अंश कला आदि को दशमलव के रूप में लाने का चक्र—

यदि मास दिन आदि हो तो राशि के स्थान में मास दिन घड़ी पल जानना। जैसे राशि=मास। अंश=दिन। कला = घड़ी। विकला=पल जानना।

(१) अंश की दशमलव में राशि बनाना (चक्र १)

अंश	राशि	अंश	राशि	अंश	राशि
१	·०३	११	·३६	२१	·७
२	·०६	१२	४	२२	·७३
३	·१	१३	·४३	२३	·७६
४	·१३	१४	·४६	२४	·८
५	·१६	१५	·५	२५	·८३
६	·२	१६	·५३	२६	·८६
७	·२३	१७	·५६	२७	·९
८	·२६	१८	·६	२८	·९३
९	·३	१९	·६३	२९	·९६
१०	·३	२०	·६	३०	१·००

(२) कला की दशमलव में राशि बनाना (चक्र २)

कला	राशि	कला	राशि	कला	राशि	कला	राशि
१	·०००५	१६	·००८	३१	·०१७२	४६	·०२५
२	·००१	१७	·००९४	३२	·०१७	४७	·०२६१
३	·००६	१८	·०१	३३	·०१८३	४८	·०२६
४	·००२	१९	·०१३	३४	·०१८	४९	·०२७२
५	·००२७	२०	·०१	३५	·०१९४	५०	·०१७
६	·००३	२१	·०११६	३६	·०२	५१	·०२८३
७	·००३८	२२	·०१२	३७	·०२०५	५२	·०२८
८	·००४	२३	·०१२७	३८	·०२१	५३	·०२९४
९	·००५	२४	·०१३	३९	·२१६	५४	·०३
१०	·००५	२५	·०१३८	४०	·०२	५५	·०३०५
११	·००६१	२६	·०१४	४१	·०२२७	५६	·०३१
१२	·००६	२७	·०१५	४२	·०२३	५७	·०३१६
१३	·००७२	२८	·०१५	४३	·०२३८	५८	·०३२
१४	·००७	२९	·०१६१	४४	·०२४	५९	·०३२७
१५	·००८३	३०	·०१६	४५	·०२५	६०	·०३

(३) विकला की दशमलव में राशि बनाना (चक्र ३)

वि०	राशि	वि०	राशि	वि०	राशि
१	·०००००९२५	२१	·०००१९४५३७०	४१	·०००३७९
२	·००००१८५	२२	·०००२०३७	४२	·०००३८
३	·००००२८	२३	·०००२१२९६	४३	·०००३९८१४
४	·००००३७	२४	·०००२	४४	·०००४०७४
५	·००००४६२९	२५	·०००२३१४८	४५	·०००४१६
६	·००००५	२६	·०००२४०७	४६	·०००४२५९
७	·००००६४८१	२७	·०००२५	४७	·०००४३५१८
८	·००००७४	२८	·०००२५९२६	४८	·०००४२
९	·००००८३	२९	·०००२८५१८५	४९	·०००४५३७०
१०	·००००९२५	३०	·०००२७	५०	·०००४६२९
११	·०००१०१८५	३१	·०००२८७०३७	५१	·०००४७२
१२	·०००१	३२	·०००२९६	५२	·०००४८१
१३	·०००१२३७०	३३	·०००३५	५३	·०००४९०७४
१४	·०००१२९६	३४	·०००३१४८	५४	·०००५
१५	·०००१३८	३५	·०००३२४०७४	५५	·०००५०९२५
१६	·०००१४८	३६	·०००३	५६	·०००५१८
१७	·०००१५७४०	३७	·०००३४२५९	५७	·०००५२७
१८	·०००१६	३८	·०००३५१८५	५८	·०००५३७०
१९	·०००१७५०९२५	३९	·०००३६१	५९	·५४६६२९
२०	·०००१८५	४०	·०००३७०३७	६०	·०००५

(४) कला के दशमलव में अंश बनाना। (चक्र ४)
या विकला की „ „ कला „

कला	अंश	कला	अंश	कला	अंश	जला	अंश
१	·०१६̇	१६	·२६̇	३१	·५१६̇	४६	·७६̇
२	·०३̇	१७	·२८३̇	३२	·५३̇	४७	·७८३̇
३	·०५	१८	·३	३३	·५५	४८	·८
४	·०६̇	१९	·३१६̇	३४	·५६̇	४९	·८१६̇
५	·०८३̇	२०	·३३̇	३५	·५८३̇	५०	·८३̇
६	·१	२१	·३५	३६	·६	५१	·८५
७	·११६̇	२२	·३६̇	३७	·६१६̇	५२	·८६̇
८	·१३̇	२३	·३८३̇	३८	·६३̇	५३	·८८३̇
९	·१५	२४	·४	३९	·६५	५४	·९
१०	·१६̇	२५	·४१६̇	४०	·६̇	५५	९१६̇
११	·१८३̇	२६	·४३̇	४१	·६८३̇	५६	·९३
१२	·२	२७	·४५	४२	·७	५७	·९५
१३	·२१६̇	२८	·४६̇	४३	·७१६̇	५८	·९६̇
१४	·२३̇	२९	·४८३̇	४४	·७३̇	५९	·९८३̇
१५	·२५	३०	·५	४५	·७५	६०	·१००

(५) विकला के दशमलव में अंश बनाना। (चक्र ५)

वि०	अंश	वि०	अंश	वि०	अंश
१	·०००२७̇	२१	·००५८३̇	४१	·०११३८̇
२	·०००५	२२	·००६१̇	४२	·०११६̇
३	·०००८३̇	२३	·००६३८̇	४३	·०११९४̇
४	·००१̇	२४	·००६̇	४४	·०१२̇
५	·००१३८̇	२५	·००६९४̇	४५	·०१२५
६	·००१६̇	२६	·००७२	४६	·०१२७̇
७	·००१९४̇	२७	·००७५	४७	·०१३०५
८	·००२̇	२८	·००७	४८	·०१३̇
९	·००२५	२९	·००८०५	४९	·०१३६१̇
१०	·००२७̇	३०	·००८३̇	५०	·०१३८̇
११	·००३०५	३१	·००८६१̇	५१	·०१४१६̇
१२	·००३̇	३२	·००८̇	५२	·०१४̇
१३	·००३६१̇	३३	·००९१६̇	५३	·०१४७२̇
१४	·००३८̇	३४	·००९४	५४	·c१५
१५	·००४१६̇	३५	·००९७२	५५	·०१५२७̇
१६	·००४̇	३६	·०१	५६	·०१५
१७	·००४७२̇	३७	·०१०२७	५७	·०१५८३̇
१८	·००५	३८	·०१०५	५८	·०१६१̇
१९	·००५२७̇	३९	·०१०८३̇	५९	·०१६३८̇
२०	·००५	४०	·०१̇	६०	·०१६̇

(१) उदाहरण—रा३-१५°-६′-३२″ का दशमलव

१५° = ·५ चक्र १ (राशि में)

६′ = ·००३३३३ चक्र २

३२″ = ·०००२९६ चक्र ३

योग = ·५०३६२९ राशि

उत्तर = ३ ५०३६२२ राशि

(२) १०°-५′-५५″ का दशमलव १

५′ = ०८३३३३ चक्र ४ (अंश में)

५५″ = ·१५२७७ चक्र ५

योग = ०९८६१० + १

= १० ०९८६११ अंश उत्तर

(३) ३२°-३२′-८″ का दशमलव १

३२′ = ५३३३ चक्र ४ (अंश में)

८″ = ·००२२ चक्र ५

योग = ·५३५५

३२-५३५५ अंश। उत्तर

का दशमलव १

(४) रा० २-११°-१०′-४०″

(राशि में)

११° = ३६६६६६६६ चक्र १

१०′ = ·००५५५५५५ चक्र २

४०″ = ०००३७०३७ चक्र ३

योग = ३७२५९२५८ + १

= राशि २·३७२५९२५९ उत्तर

(५) १०·८३२७४९ राशि को स्पष्ट करना है।

·८३२७४९ राशि

–·८ = २४° चक्र १

शेष ०३२७४९

– ०३२२२२ = ५८′ चक्र २

शेष ०००५२७

–०००५२७ = ५७″ चक्र ३

शेष = ·०००००० = राशि

१०-२४°-५८′-५७″ उत्तर

(६) २५·८४९२ अंश को स्पष्ट करना है।

·८४९२ अंश

–·८३३३ = ५०′ चक्र ४

शेष = ·०१५९

– ०१५८३ = ५७″ चक्र ५

शेष = ००००७

= २५°-५०′-५७″ उत्तर

(७) १०·१३६७५९१ राशि को स्पष्ट करना है।

·१३६७५९१ राशि

–·१३३३३३३ = ४° चक्र १

शेष = ·००३४२५८

–·००३३३३३ = ६′ चक्र २

शेष = ·००००९२५

– ००००९२५ = १०″ चक्र ३

०००००००

= राशि १०-४°-६′-१०″ उत्तर

दशमलव की संख्या का जोड़ और घटाना

जिन संख्याओं का जोड़ या घटाना करना हो उनको एक दूसरे के नीचे इस प्रकार रखो कि दशमलव की विन्दु के ठीक नीचे दूसरी संख्या का दशमलव विन्दु भी आ जावे, चाहे संख्या दाहिनी ओर या बाईं ओर घट बढ़ जावे।

उपरान्त इन संख्याओं का जोड़ घटाना साधारण जोड़ घटाना सरीखा करना। जोड़ घटाना करते समय लकीर के नीचे भी जहाँ ऊपर दशमलव विन्दु है उसी स्थान में वह विन्दु भी रहना चाहिए। उदाहरण—

जोड़ना

(१)	(२)
६·९१७	२४·०१
·०८	१·८०४
१००·००५	३२८·४१
२५·००	·१५६४
	४१४०·००८
योग = १३२·००२	योग = ४४८४·३८८४

घटाना

(१)	(२)	(३)	
१५·००४	२८६·५१४६	२००·०१	=२००·०१०००
−१·८	२७ ९०९	१८०·५९८२४	−१८०·५९८२४
शेष=१३·२०४	शेष = २५८·६०५६	शेष = १९ ४११७६	शेष=१९·४११७६

उपरोक्त उदाहरण देखने से प्रगट होगा कि जोड़ या घटाने के लिये नीचे इस प्रकार संख्या रखी गई है कि दशमलव का विन्दु एक दूसरे के नीचे आ गया है। जोड़ घटाने में साधारण जोड़ घटाने की रीति का उपयोग हुआ है परन्तु ऊपर की संख्या में जिस स्थान पर दशमलव का विन्दु है योग या शेष में भी ठीक वहीं पर दशमलव का विन्दु आ गया है। घटाते समय यदि ऊपर वाली संख्या में छोर में कोई अंक न हो और नीचे अंक हो तो ऊपर ० मान लेना चाहिए जैसा उदाहरण ३ में बताया है।

दशमलव का गुणा

गुणा करने के लिये गुण्य के नीचे गुणक संख्या इस प्रकार रखो कि दशमलव विन्दु एक दूसरे के नीचे आ जावे। उपरांत गुणा करने के लिये साधारण गुणा करने की रीति से सब गुणक संख्याओं का गुण्य में गुणा कर डालो। फिर गुण्य और गुणक में दशमलव विन्दु के दाहिनी ओर के सब अंक गिन लो। जितनी सब संख्या हो, दाहिनी ओर से उतनी संख्या गुणन फल की गिनकर बाईं ओर ओर दशमलव का विन्दु रख दो। यदि गुणन फल में उतनी संख्या न हों तो बाईं ओर और शून्य बढ़ाकर उतनी संख्या पूरी कर दशमलव का विन्दु रखो।

उदाहरण—

(१)	(२)	(३)
·०८ गुण्य	·५	·१८
× ९·१ गुणक	× ५	× ·५
०८	·२५	·०९०
७२		
·७२८		

यहाँ उदाहरण १ में गुण्य में दशमलव के दो अंक ०८ और गुणक में केवल एक अंक १ है। सब मिलकर २ + १ = ३ अंक हुए। अब गुणनफल में दाहिनी ओर से गिना तो ३ अंक ७२८ हुए। बस इसके आगे दशमलव विन्दु रख दिया तो गुणनफल ·७२८ हो गया।

उदाहरण २ में दशमलव के २ अंक हैं इससे गुणनफल २५ में भी २ अंक होने से २५ के आगे दशमलव विन्दु रखा तो ·२५ हो गया।

उदाहरण ३ में गुण्य और गुणक के ३ अंक दशमलव के हैं परन्तु गुणनफल में २ ही अंक होने से बाईं ओर ० बढ़ाकर दशमलव विन्दु रखा तो ·०१० हो गया।

(४)

```
      ·०२८
     × ·०२
    ------
      ०५६
     ०००
    ------
     ००५६
  = ·०००५६
```

यहाँ गुण्य में ३ अंक ·०२८ हैं और गुणक में २ अंक ·०२ हैं। दोनों मिलकर ५ दशमलव के अंक हुए। गुणनफल केवल ००५६ है। इस कारण एक शून्य और बढ़ाकर दशमलव विन्दु रखा तो गुणनफल ·०००५६ हो गया।

(५)

```
     २·२३४६
    × १·०१
    -------
      २२३४६
     ०००००
    २२३४६
    -------
    २·२५६९४६
```

यहाँ गुण्य में ४ अंक ·२३४६ और गुणक में २ अंक ·०१ है सब मिलकर ६ अंक हुए। गुणनफल में दाहिनी ओर से ६ अंक गिना तो २ के आगे ६ अंक पूरे हुए वहाँ दशमलव विन्दु रखा तो गुणनफल २·२५६९४६ हो गया।

(६)

```
     ४·२२
      ·०००५
    -------
      २११०
    ०००००
    -------
    ·००२११०
   = ·००२११
```

यहाँ गुण्य में दो संख्या, गुणक में ४ संख्या दशमलव की हैं। सब ६ संख्या होने से दाहिनी ओर से ६ अंक गिनकर अन्त में दशमलव रख दिया तो ·००२११० गुणनफल हो गया। यहाँ अन्त का ० निरर्थक है इस कारण उसे निकाल दिया तो ·००२११ गुणनफल हुआ।

गुणनफल में दशमलव की संख्या उतने अंक तक बाईं ओर हटाने का कारण यह है कि दशमलव में जितने अंक होते हैं उनके हर में १ अंक के आगे उतने ही शून्य होते हैं जितने दशमलव के अंक हैं। जैसे $·१ = \frac{१}{१०}$, $·०१ = \frac{१}{१००}$, $·००१ = \frac{१}{१०००}$ इत्यादि। इस कारण दशमलव को भिन्न के रूप में करने में उतने ही शून्य नीचे होते हैं जितने दशमलव में अंक हैं।

दोनों संख्या गुण्य और गुणक को भिन्न के रूप में करने से दोनों का भिन्न रूप से गुणनफल निकालने पर गुणनफल में हर की संख्या उतने शून्य सहित १ हो जाता है जितने दोनों संख्याओं में गुणनफल के अंक हों।

३ बार और ० उतार कर इसी प्रकार भाग देना जिससे लब्धि में दशमलव की ७ संख्या हो जावे। इसका कोई नियम नहीं है, कि कहाँ तक ० उतारना चाहिए। जितना आगे दशमलव निकालो उतना ही अच्छा होता है, परन्तु ३,४ अंक तक लोग दशमलव निकालते हैं आगे छोड़ देते है।

(४) १००२)९००१००००(८९८३०·३३९३
८०१६
९८५०
९०१८
८३२०
८०१६
३०४०
३००६
३४०·०
३००६
३९४०
३००६
९३४०
९०१८
३२२०
३००६
= ८९८३०·३३९३ उत्तर २१४

यहाँ लब्धि ८९८३० के बाद साधारण भाग पूर्ण हो जाता है। शेष ३४० बचता है। इसके आगे लब्धि में दशमलव बिन्दु रख कर ३४० शेष के आगे ० उतार कर भाग दिया। आगे भी इसी प्रकार शेष के आगे ० उतार कर भाग देते गये तो उपरोक्त लब्धि प्राप्त हुई।

(५) ५)·०००६५(·०००१३
०
०
०
०
०
६
५
१५
१५
०
= ·०००१३

यहाँ सब अपूर्णांक संख्या में पूर्णांक का भाग देना है। लब्धि में आरंभ में ही दशमलव बिन्दु रखने के उपरांत ० उतारा ५ का भाग नहीं गया। लब्धि में ० रखा। फिर ० उतारा भाग नहीं गया तो लब्धि में ० रखा। फिर ० उतारा ५ का भाग नहीं गया तो लब्धि में फिर ० रखा। फिर ६ उतारा १ बार भाग गया १ लब्धि में रखा शेष १ बचा ५ और उतारा १५ हुए ५ का भाग ३ बार गया तो लब्धि में ३ रखा। शेष ० बचा। उत्तर ·०००१३ आया।

(६) ४)६·०१(१·५०२५
    ४
    २·० = १·५०२५
    २०
    १०
     ८
    २०
    २०
     ०

यहाँ पूर्णांक ६ में ४ का भाग दिया २ बचा आगे दशमलव बिन्दु है तो लब्धि में भी दशमलव बिन्दु रखा। शेष २ के आगे ० उतारा २० हो गये। ५ बार भाग गया। आगे १ उतारा ० बार भाग गया। फिर ० उतारा १० हो गये। २ बार भाग गया। शेष २ बचा आगे ० उतारा २० हो गये। ५ बार गया। शेष ०। इस प्रकार उत्तर १·५०२५ आया।

आवर्त दशमलव Recurring decimals

जब किसी संख्या में भाग देने पर लब्धि में दशमलव के अंकों में बार-बार वही अंक या वही संख्या आती है जिसका कि अंत नहीं होता तब उस संख्या के ऊपर दाहिने कोने में एक छोटा बिन्दु रख देते हैं जिससे प्रगट होता है कि यहाँ से उसी संख्या का आवर्त आरंभ होता है। जितनी संख्याओं का आवर्त होता है उसके आदि और अन्त के अंक के ऊपर आवर्त सूचक चिह्न लगा देते हैं। यही आवर्त दशमलव है।

उदाहरण

$\frac{१}{३}$ = ·३̇ = ·३३३३

$\frac{२}{३}$ = ·६̇ = ·६६६६

$\frac{२}{७}$ = ·२८५७१४ ... (as printed: २ ९६=२९६,२९६,२९६)

३)१·०(०·३३३
   ९
   १०
    ९
   १०
    ९
   १०

यहाँ १ में ३ का भाग दिया तो शेष १ बचा फिर ० उतार कर भाग दिया ३ बार भाग गया और शेष १ बचा। इस प्रकार कितने बार भी भाग दो तो लब्धि में ३ आते ही जायगा। इस कारण इसी ३ पर आवर्त का चिह्न ३ ऊपर रख देने से प्रगट है कि आगे लब्धि में ३ अनंतबार जायेगा।

मान लो लब्धि में ·१८१८१८ है = ·१̇८̇

·२१४,२१४,२१४२ = ·२̇१४̇

·३०९ ५०६ ५०६ ५०६ = ३०९ ५̇०६̇

यदि बार २ वही १८ आता है तो १ और ८ पर आवर्त रहेगा। यदि बार २ लब्धि में २१४ आता है तो आदि के २ और अंत के ४ पर केवल आवर्त का चिह्न रहेगा जिससे

प्रकट होता है कि पूरी संख्या २१४ बार २ लब्धि में आ रही है। इसी प्रकार लब्धि में ·३०९ के बाद ५०६ बार २ आता है तो ३०९ साधारण दशमलव हुआ और ५०६ आवर्त दशमलव हुआ। ५ के ऊपर और अंत के ६ के ऊपर आवर्त का चिह्न रहेगा जिससे प्रगट होता है कि ·३०९ के बाद ५०६ बार २ लब्धि में आ रहा है।

$\frac{१}{७}$ है यहाँ १ में ७ का भाग दिया तो लब्धि में $\dot{१}४२८५\dot{७}$ यह संख्या बार २ आती है। इस कारण इस संख्या के आदि के १ और अंत के ७ पर आवर्त का चिह्न बना दिया जिससे समझ पड़ेगा कि इतनी पूरी संख्या आवर्त है।

आवर्त दशमलव वाली संख्या का भिन्न बनाना

केवल दशमलव की संख्या का हर बनाया जाता है। हर बनाने के लिये दाहिनी ओर से बाईं ओर प्रत्येक अंक का विचार कर जिस संख्या पर आवर्त है उसके नीचे प्रत्येक आवर्त के अंक के लिये हर में ९ लिखना और जिन दशमलव के अंक में आवर्त नहीं है उनके लिये नीचे ९ के आगे ० लिखना और अंश के स्थान में दशमलव की संख्या लिख देना। इस प्रकार $\frac{\text{अंश}}{\text{हर}}$ हो जायगा। फिर अंश में से वह संख्या दशमलव की जिन पर आवर्त नहीं है घटा देना तो उसका भिन्न बन जायेगा।

उदाहरण

(१) $\dot{५} = \frac{५}{९}$ यहाँ ५ पर आवर्त हैं इस कारण इसके नीचे ५ रखा है तो $\frac{५}{९}$ हो गया। यदि आवर्त न होता तो साधारण प्रकार से हर में १० रखते।

(२) $४\dot{१}\dot{६} = \frac{४१६ - ४}{९९०} = \frac{४१२}{९९०}$ यहाँ ४ पर आवर्त नहीं है केवल १६ पर आवर्त हैं तो अंत के अंक ६ में आवर्त होने से उसके नीचे ९ रखा फिर १ में भी आवर्त होने से उसके भी नीचे ९ रखा फिर ४ पर (जो बाईं ओर है) आवर्त नहीं हैं उसके लिए ० रखा। इस प्रकार हर में ९९० हो गया और ऊपर अंश में दशमलव की संख्या ४१६ रखा इसमें से ४ अंक जिस पर आवर्त नहीं है घटाया तो ४१२ रहा। इस प्रकार भिन्न $\frac{४१२}{९९०}$ हो गया।

(३) $४·६\dot{१} = ४· = \frac{६१ - ६}{९०} = ४\frac{५५}{९०} = \frac{४१५}{९०}$ यहाँ दशमलव ६१ है

$$\text{या} = \frac{४६१ - ४६}{९०} = \frac{४१५}{९०}$$ इसमें १ पर आवर्त है

६ पर आवर्त नहीं है। इस कारण पूरं अंक ६१ में से ६ घटाया तो ५५ हुआ। ये अंश हुए। इसके हर में १ आवर्त होने से नीचे ९ रखा और ६ में आवर्त नहीं है उसका ०

रखा = ९० हर हुआ । ४ पूर्णांक $\frac{५५}{९०}$ $४\frac{५५}{९०} = \frac{४१५}{९०}$ हो गया ।

इसी को दूसरे प्रकार से भिन्न बना सकते हैं । पूर्णांक और अपूर्णांक मिलाकर सब जितनी संख्या हो अंश में लिखकर उसमें से वे अंक जिन पर आवर्त नहीं है घटा देना । यहां पूरी संख्या दशमलव की संख्या मिलाकर ४६१ है । इसमें से ४६ संख्या (४ पूर्ण और ६ अपूर्ण जिस पर आवर्त नहीं है) घटा दिया तो ४१५ रहे । अब इसके हर बनाना है । ऊपर १ संख्या पर आवर्त है उसके लिए ९ और ६ पर आवर्त नहीं है उसके लिए ० लिखा । इस प्रकार ९० हर हो गया । यहाँ हर केवल दशमलव के अंकों का ही बनाया जाता है । इस प्रकार $\frac{४१५}{९०}$ भिन्न बन गया ।

(४) $\dot{१}४७\dot{८} = \frac{१४७८}{९९९९}$ यहाँ दशमलव की पूरी संख्या पर आवर्त है तो सब के लिये हर में ९ रखा । ऊपर ४ आवर्त के अंक हैं तो नीचे चार बार ९ रखा । $\frac{१४७८}{९९९९}$ भिन्न हुआ ।

(५) $\cdot०६८\cdot९ = \frac{०६८९ - ०६}{९९००} = \frac{६८३}{९९००}$ यहाँ ०६ पर आवर्त न होने से उसे पूरी संख्या में से घटाया । हर में ९ पर आवर्त है तो उसका फिर ९ रखा । ६ और ० पर आवर्त नहीं है दोनों के लिए ०० रखा तो $\frac{६८३}{९९००}$ भिन्न हुआ ।

(६) इसी प्रकार

$\cdot\dot{९} = \frac{९}{९} = १\cdot०$

$\cdot०\dot{९} = \frac{९ - ०}{९०} = \frac{९}{९०} = \frac{१}{१०} = \cdot१$

$\cdot०\dot{०}\dot{९} = \frac{९}{९००} = \frac{१}{१००} = \cdot०१$

$\cdot\dot{९}\dot{९} = \frac{९९}{९९} = १$

$\cdot\dot{९}९\dot{९} = \frac{९९९}{९९९} = १\cdot०$

$२\cdot\dot{९} = २ + \frac{९}{९} = २ + १ = ३\cdot०$

$२\cdot\dot{९}\dot{९} = २ + \frac{९९}{९९} = २ + १ = ३\cdot०$

$२\cdot४\dot{९} = \frac{२४९ - २४}{९०} = \frac{२२५}{९०} = २\cdot५$

आवर्त दशमलव का जोड़ना घटाना

जिन संख्याओं को जोड़ना घटाना है उनको एक के नीचे एक इस प्रकार रखो कि दशमलव बिन्दु एक दूसरे के नीचे रहें ।

जिन संख्याओं के ऊपर आवर्त है उनकी उतनी ही आवर्त दाहिनी ओर बढ़ा दो जितनी जोड़ने या घटाने में और दूसरी संख्या है। जिस संख्या पर आवर्त नहीं है उसके नीचे वाली संख्या पर भी आवर्त नहीं रहेगा उसके आगे की संख्या पर आवर्त रहेगा। उपरांत साधारण जोड़ने घटाने सरीखी क्रिया करो और जहाँ ऊपर आवर्त है उसके जोड़ने या घटाने में भी आवर्त रखो। जोड़ने या घटाने में जब वही २ संख्या बार २ आवे तब उतनी संख्या पर आवर्त समझना।

यदि दाहिनी ओर इकाई की संख्या के आगे आवर्त की ऐसी संख्या आ सकती हो जिसके जोड़ने या घटाने में हाथ का एक आ सकता है और अन्त में योग करने के उपरांत योग क्रिया में १ जोड़ देना और घटाना है तो घटाने के बाद १ घटा देना। यदि आगे की संख्या से हाथ की एक न आती हो तो यह १ बढ़ाने घटाने की आवश्यकता नहीं है।

(१) योग का उदाहरण

```
 ८˙९४६̇          =८९६̇६̇    | ६̇
+˙९२˙६          +९२३̇२̇    | ३̇
              ─────────────────
          योग =९˙८६९˙८˙   | ९
```

यहाँ दाहिनी छोर पर आवर्त के आगे ६ ऊपर की संख्या में आयगा और नीचे की संख्या में २ के आगे ३ आयगा। दोनों को जोड़ने पर ९ होता है। हाथ की नहीं आती इस कारण यहाँ अन्त में १ नहीं जोड़ना पड़ा।

```
(१)  ३ ४६२˙       = ३ ४६६२६२६̇   २̇
    +६२ ९५˙      +˙६२९ ५२९५     ९̇
    +२˙९१         + २९१
                ──────────────────
           योग = ७ ००२̇१५५७९̇ | ११
                          +१
                ──────────────────
           योग =७ ००२̇·१५५७९̇
```

यहाँ ऊपर की संख्या में दाहिने छोर में ६ के आगे २ और नीचे की संख्या में २ के आगे ९ आयगा। ९ + २ =११ इसमें हाथ का एक आया इस कारण अंत में १ और जोड़ना पड़ा।

योग ७˙००२˙१५५७९˙

घटाने का उदाहरण—

```
(१)  ६˙ ०९ १       = ६˙०९१˙९१९१९̇ | १̇
      ˙९८४६३        ˙९८४ ६३४६३̇  | ४̇
                 ──────────────────────
            शेष=५˙१०७ २८४५६     | ७
                             −१
                 ──────────────────────
            शेष=५˙१०७̇२८४५५
```

=शेष = ५ १०७˙२८४५५˙

यहाँ साधारण घटाने के बाद १ घटा दिया क्योंकि ऊपर की संख्या में दाहिने छोर में ९ के आगे १ आता है और नीचे की संख्या में ३ के आगे ४ आता है। १ से ४ घटाये तो शेष ७ रहे हाथ की १ आई। वही १ अंत में घटा दिया।

(२) $८·८२\dot{९}$	$=८·८२\dot{९}\dot{९}$	$\dot{९}$	यहाँ ऊपर की संख्या में दाहिने ओर में ९ के आगे ९ आवर्त का है नीचे की
$·९\dot{८}५$	$·९८५\dot{८}$	५	संख्या में ८ के आगे आवर्त का ५ है।
	शेष$=७·८४\dot{४}\dot{१}$	४	९–५=शेष ४। यहाँ हाथ का नहीं आता इस कारण १ नहीं घटाना पड़ा।

शेष$=७·८४\dot{४}\dot{१}$

आवर्त दशमलव का गुणा भाग

जिन संख्याओं का गुणा या भाग करना हो उनको भिन्न के रूप में लाकर गुणा भाग करो। अंत में जो भिन्न के रूप में उत्तर आये उसका फिर दशमलव बना लो।

आवर्त दशमलव के गुणा का उदाहरण—

(१) $५·\dot{०}\dot{९}\times २·३$

$=५\frac{०९}{९९}\times २\frac{३}{९}$

$=५\frac{१}{११}\times २\frac{१}{३}$

$=\frac{५६}{११}\times\frac{७}{३}$

$\frac{३९२}{३३}$

$११·\dot{८}\dot{७}$

```
३३)३९२·०(११·८̇७̇
   ३३
   ──
    ६२
    ३३
    ──
    २९०
    २६४
    ───
     २६०
     २३१
     ───
      २९
```

यहाँ शेष २९ रहा। यह २९ शेष ऊपर एक बार आ चुका है। इससे फिर लब्धि की आवृत्ति होगी। इस कारण ८·७· पर आवर्त रखा।

$=$ गुणनफल $११·\dot{८}\dot{७}$

(२) $१०·००\dot{३}\dot{३}\times·\dot{०}\dot{३}$

$=\frac{१०००३३-१०००}{९९००}\times\frac{०३}{९९}$

$=\frac{९९०३३}{९९००}\times\frac{३}{९९}$

$=\frac{९००३}{९००}\times\frac{३}{९९}$

$=\frac{३००१}{३००}\times\frac{१}{३३}=\frac{३००१}{९९००}$

$=·३०\dot{३}\dot{१}$ गुणनफल

```
९९००)३००१·०(·३०३̇१̇
     २९७००
     ─────
      ३१०००
      २९७००
      ─────
       १३०००
        ९९००
       ─────
        ३१००
```

यहाँ ३१०० शेष ऊपर आ चुके हैं जिसमें ३ बार भाग गया था। इस कारण यहाँ से ३·१· में आवर्त है।

आवर्त दशमलव के भाग का उदाहरण ।

(१) $\dot{९} \div ·२५$

$= \frac{९}{९} \div \frac{२५}{१००}$

$= \frac{१}{१} \div \frac{१}{४}$

$= \frac{१}{१} \times \frac{४}{१}$

$= \frac{४}{१}$

$= ४$ भजनफल

(२) $·५\dot{४}\dot{५} \div ·०२\dot{९}$

$= \frac{५४५-५}{९९०} \div \frac{०२९-०२}{९००}$

$= \frac{५४०}{९९०} \div \frac{२७}{९००}$

$= \frac{५४}{९९} \div \frac{३}{१००}$

$= \frac{\overset{२}{\cancel{५४}}}{\underset{११}{\cancel{९९}}} \times \frac{१००}{\underset{१}{\cancel{३}}} = \frac{२००}{११} = १८·\dot{१}\dot{८}$ भजनफल

```
११)२००·०(१८·१८
   ११
   ──
    ९०
    ८८
    ──
     २०
     ११
     ──
      ९०
      ८८
      ──
       २
```

अध्याय ३

